क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 08.09.2024 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- देहरादून में भिक्षावृत्ति कर रहे बच्चों को रेस्क्यू करने के लिए जिला प्रशासन हर दिन अभियान चलाएगा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिमालय के संरक्षण के लिये सामुहिक प्रयासों की जरूरत पर जोर दिया है।
- आगामी दस सितंबर से देहरादून में छह दिवसीय हथकरघा बुनाई उत्सव– **सिल्क एक्सपो** शुरू होगा।
- चमोली के जिलाधिकारी ने बदरीनाथ मास्टर प्लान के अन्तर्गत संचालित निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए।

## भिक्षावृत्ति रोकथाम

देहरादून में भिक्षावृत्ति को रोकने के लिए जिला प्रशासन आवश्यक कार्यवाही करेगा। इसके लिए हर दिन अभियान चलाकर भिक्षावृति करते और सड़क पर घूमते बच्चों को रेस्क्यू किया जाएगा। इसके लिए समर्पित वाहन की मदद ली जाएगी, जिसकी सहायता से शहर में घूमकर बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति में लाया जाएगा। इस काम को कुशलता के साथ पूरा करने के लिए जिले में जल्द ही दो पैट्रोलिंग वाहन शुरू किए जाएंगे। देहरादून के ऋषिपर्णा सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी सविन बंसल ने जिले में भिक्षावृत्ति पर रोकथाम लगाने के लिए अधिकारियों को प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने भिक्षावृति और बाल मजदूरी करते बच्चों को रेस्क्यू कर उन्हें शिक्षित करने और समाज की मुख्य धारा से जोड़ते हुए उनका सर्वांगींण विकास करने को कहा। भिक्षावृति पर रोक लगाने के लिए जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को मोबाइल यूनिट बढ़ाने के निर्देश दिए। अभियान को प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए 12 होमगार्ड और पीआरडी की तैनाती जिला प्रोबेशन अधिकारी के साथ की जाएगी। जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को ऐसे केंद्र का प्रस्ताव बनाने को कहा, जहां शैक्षणिक वातावरण हो और उसके प्रति बच्चे आकर्षित हों।

## दावेदारी

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत वर्ष 2030 के यूथ ओलिंपिक और 2036 में ग्रीष्मकालीन ओलिंपिक खेलों की मेजबानी के लिए दावेदारी पेश करेगा। डॉ. मांडविया आज नई दिल्ली में एशिया ओलिंपिक परिषद की 44वीं महासभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने खेल बजट को 2014–15 के लगभग 143 मिलियन डॉलर से बढ़ाकर लगभग 470 मिलियन डॉलर कर दिया है।

स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि एशियाई ओलिंपिक परिषद इसका प्रमाण है कि खेल किस तरह से लोगों को एक साथ ला सकते हैं और भाईचारे की भावना बढा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर लिए गए निर्णय एशियाई एथलीटों के भविष्य और पूरे महाद्वीप में व्यापक खेल परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

भारतीय ओलिंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि यह सम्मेलन ऐसे महत्वपूर्ण समय पर हो रहा है, जब विश्व लगातार विकसित हो रहे वैश्विक खेल परिदृश्य में आगे बढ़ रहा है।

## हिमालय दिवस

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिमालय के संरक्षण के लिये सामुहिक प्रयासों की जरूरत पर जोर दिया है। हिमालय संरक्षण दिवस की पूर्वसंध्या पर जारी अपने संदेश में श्री धामी ने कहा कि हिमालय हमारी पहचान, संस्कृति और जीवन रेखा है। प्रदेशवासियों को हिमालय दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय न केवल भारत

बल्कि विश्व की बहुत बड़ी आबादी को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से हिमालय को सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालयी क्षेत्रों में सामाजिक विकास की आवश्यकता के दृष्टिगत हमें इकॉलोजी और इकोनॉमी में समन्वय के साथ काम करना होगा।

श्री धामी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण उत्तराखण्डवासियों के स्वभाव में है। हरेला जैसे पर्व, प्रकृति से जुड़ने की हमारे पूर्वजों की दूरगामी सोच का परिणाम है। ग्लोबल वार्मिंग के साथ ही जल, जंगल, जमीन से जुड़े विषयों पर समेकित चिंतन की जरूरत बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक चेतना और सामूहिक प्रयासों से ही हम पर्यावरण में हो रहे बदलावों के समाधान में सहयोगी बन सकते हैं।

**भूस्खलन**

उत्तरकाशी के गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर बंदरकोट और रतूड़ी शेरा में पहाड़ी दरकने के चलते भूस्खलन का उपचार कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। इस कारण यात्रा मार्ग पर जाम की समस्या हो रही है।

इस बीच, प्रदेश में आज मौसम का मिला जुला असर देखने को मिला। राजधानी देहरादून में सुबह के समय धूप खिली रही और दोपहर बाद विभिन्न स्थानों पर मूसलाधार बारिश हुई। राज्य के अन्य हिस्सों में भी कहीं—कहीं हल्की से मध्यम बारिश की ख़बर है।

मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के अनुसार अगले पांच दिनों में राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहेगा। इस दौरान प्रदेश में कहीं–कहीं भारी बारिश भी हो सकती है।

## स्थापना दिवस

देहरादून में 14वीं बटालियन गढ़वाल राइफल्स का 49वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि देश की सेना में लगभग 17 प्रतिशत सैनिक उत्तराखंड से हैं। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री ने वीरांगनाओं और वीरता पदक प्राप्त पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया।

## सिल्क एक्सपो

देहरादून में दस सितंबर से छह दिवसीय हथकरघा बुनाई उत्सव– **सिल्क एक्सपो** शुरू हो रहा है। केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के तहत केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा उत्तराखंड रेशम विभाग और उत्तराखंड सहकारी रेशम संघ के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम देश के बेहतरीन रेशम हथकरघा बुनकरों का एक भव्य समागम की उम्मीद है। इसमें 15 से अधिक राज्यों से आने वाले प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। सिल्क एक्सपो में भारतीय रेशम बुनाई परंपराओं की समृद्ध विविधता और कलात्मकता का प्रदर्शन किया जाएगा। सिल्क एक्सपो, हस्तशिल्प क्षेत्र को बढ़ावा देने के

लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। यह स्थानीय कारीगरों को बाजार उपलब्ध कराने में सहायता करता है।

**<u>जागड़ा मेला</u>**

उत्तरकाशी जिले के रवाईं घाटी की गोडर पट्टी के कंडारी गांव में राजा रघुनाथ के जागड़ा मेले का आयोजन किया गया। गोडर पट्टी के 27 गांव के आराध्य राजा रघुनाथ के थान कंडारी गाँव में आयोजित जागड़ा मेले में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। मेले में क्षेत्रवासियों की भगवान रघुनाथ के प्रति आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति असीम अनुराग की अनूठी छटा देखने को मिली।

इस अवसर पर वनमंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि रवाईं क्षेत्र के लोगों ने अपनी समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक परम्पराओं को बचाये रखा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जागड़ा मेले को संरक्षित किया जाना जरूरी है और इसके लिये कारगर प्रयास किये जायेंगे। वन मंत्री ने कंडारी गांव में क्षतिग्रस्त वन विश्राम गृह का पुनर्निर्माण करने की घोषणा करते हुए कहा कि कंडारी से साजबाग तक सड़क के नवनिर्माण में आने वाली अड़चनों को दूर करने के साथ ही इस क्षेत्र में ट्रैकिंग गतिविधियों को भी विकसित किया जाएगा

## नन्दा सुनन्दा महोत्सव

नैनीताल जिले में माँ नन्दा–सुनन्दा महोत्सव–2024 मेले की आज से औपचारिक शुरूआत हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक मेले हमें, हमारी संस्कृति के साथ अपनी जड़ों से जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के पौराणिक मेलों का संरक्षण करते हुए नए आयामों को जोड़कर भव्यता प्रदान कर रही है।

## निरीक्षण

चमोली जिले के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बदरीनाथ मास्टर प्लान के अन्तर्गत संचालित निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों से बदरीनाथ में मास्टर प्लान के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने शेषनेत्र व बद्रीश झील, लूप रोड, नदी तट विकास, नागरिक सुविधा केंद्र, अराइवल प्लाजा, आईएसबीटी, हॉस्पिटल एक्सटेंशन सहित मंदिर सौन्दर्यीकरण कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यो में गुणवत्ता के साथ तेजी लाने के निर्देश दिए।

**धोखाधड़ी के प्रति आगाह**

पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी की तथ्य जांच इकाई ने एक ऐसे धोखाधडी के प्रति लोगों को आगाह किया है जिसमें जालसाज प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत पंजीकरण फीस के रूप में आठ हजार रूपये की मांग कर रहे हैं। तथ्य जांच इकाई ने कहा कि लोगों को जाली पत्र भेजे जा रहे हैं जिसमें कहा गया है कि इस योजना के अंतर्गत उनका आवेदन पंजीकरण फीस देने के बाद स्वीकृत किया जाएगा। सरकार ने इस तरह के किसी भी दावे को खारिज किया है और कहा है कि यह पत्र फर्जी है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने सलाह दी है कि पीएम–कुसुम योजना में रूचि रखने वाले लोगों को पैसे जमा करने या व्यक्तिगत सूचना साझा करने से पहले वेबसाइट की प्रामाणिकता की जांच करनी चाहिए।

**राजदूत**

नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव अपने दो दिवसीय दौरे पर चम्पावत पहुँचे। इस दौरान उन्होंने टनकपुर स्थित शारदा लिंक नहर, पुल व सड़क का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस बीच राजदूत को जिलाधिकारी नवनीत पाण्डेय ने जिले में विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

## तीन गिरफ्तार

हरिद्वार जिले की रानीपुर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान नशे में वाहन चलाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के वाहनों को सीज कर दिया है। इसके अलावा पुलिस की गठित टीमों ने वाहन चैकिंग के दौरान 17 लोगों का चालन किया गया और एक वाहन सीज कर दिया गया।